पीएचसी और सीएचसी से निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेगी सरकार

- कॉल पर बुलाने की व्यवस्था होगी
- समीक्षा के दौरान सीएम ने दिए निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 दिसंबर. चिकित्सकों की कमी से जूझ रही सरकार अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यानी सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ केंद्र यानी पीएससी में निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेगी. इतना ही नहीं सीएचसी, पीएचसी में निजी चिकित्सकों को जरुरत पड़ने पर कॉल पर बुलाने की नई व्यवस्था भी बनाई जाएगी, उन्हें इसके लिये बेहतर मानदेय भी दिया जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान इस संबंध में निर्देश दिये. इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ऐसे अस्पताल या डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल्ड नहीं है, उन्हें भी इस योजना से जोड़ा जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए विभाग भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए. उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा ग्रहण कर रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनकी फीस सरकार द्वारा अदा की जा रही है, ऐसे बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को मध्यप्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए रोका जाए. ऐसे डॉक्टर्स को प्रदेश के जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए इन्हें भी आकर्षक मानदेय राशि दी जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में अधिक संख्या में डॉक्टर्स की आवश्यकता होगी.

बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाए. बैठक में बताया गया कि बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को शासकीय डॉक्टर्स के रूप में भर्ती करने के लिए, इनके भर्ती नियम संशोधित किए जा रहे हैं. इसके लिए जल्द ही मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में गर्भवती माताओं का बेवजह सीजेरियन आपरेशन करने की शिकायत आती रहती हैं, इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए. उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस के चालकों द्वारा ज़बरदस्ती मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाने की शिकायत भी आती हैं, इसकी सख्ती से निगरानी करें और ऐसी प्रवृत्ति को रोकें. बताया गया कि प्रदेश में देहदान करने वाले 38 मृतकों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है.

3 चीतों को खुले जंगल में छोड़ेंगे सीएम

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस पर गुरुवार 4 दिसम्बर को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 3 चीतों को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ेंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मप्र को चीता परियोजना की सौगात मिली थी. प्रधानमंत्री मोदी ने 17 सितम्बर, 2022 को अपने जन्म-दिवस पर कूनो पालपुर में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी. नामीबिया से 8 चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था. वर्तमान में कूनो पालपुर और गाँधी सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र में प्रोजेक्ट चीता को इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. चीतों ने भारतीय वातावरण को आश्चर्यजनक रूप से पूरी तरह अपना लिया है. पिछले 3 वर्षों में 5 मादा चीता द्वारा 6 बार शावकों को जन्म देना इस परियोजना की सफलता और लचीलापन का परिचायक है.

संभागीय मुख्यालयों में कैथ लैब की स्थापना होगी

बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि अगले तीन सालों में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सीएम-केयर योजना के सफल क्रियान्वयन को कार्य योजना में ले लिया गया है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 की समाप्ति तक राजगढ़, मंडला, छतरपुर, उज्जैन, दमोह एवं बुधनी में निर्माणाधीन गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कर देने का लक्ष्य रखा गया है. इसके अलावा पीपीपी मोड पर तैयार किए जाने वाले सभी मेडिकल कॉलेजेस का निर्माण कार्य भी इसी अवधि के दौरान पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है. विभाग द्वारा प्रदेश के एक जिले को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य लिया गया है.

प्रदेश में इस हफ्ते कड़ाके की ठंड, कोहरा छाया

नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस बढ़ाएगा सर्दी

भोपाल,03 दिसंबर.मध्य प्रदेश में सर्दी का असर धीरे-धीरे तेज होकर अब निर्णायक दौर में पहुंच रहा है. दिसंबर की शुरुआत के साथ तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और कई शहरों में रातें ठिठुरन भरी हो चुकी हैं.

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 5 दिसंबर से सक्रिय होने वाला नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस प्रदेश की ठंड को और तेज करेगा, जिससे अगले दो दिनों में कई संभागों में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होगा. प्रदेश के प्रमुख शहरों भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में रात का तापमान 9 डिग्री से नीचे पहुंच चुका है. इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री दर्ज हुआ, जो मंगलवार को प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा. राजगढ़ (8.5°C), नौगांव (8.6°C), कल्याणपुर-शाजापुर (8.7°C), उमरिया (9.3°C) और रीवा (9.6°C) भी ठंड की गंभीर चपेट में रहे. ग्वालियर में सुबह घना कोहरा छाया रहा.



मौसमी सिस्टमों की स्थिति

उत्तर तमिलनाडु-पुदुच्चेरी तट पर बना सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र अभी भी सक्रिय है, जिसके चलते उससे जुड़ा चक्रवातीय परिसंचरण 7.6 किमी ऊंचाई तक प्रभावी है. यह सिस्टम धीरे-धीरे कमजोर होकर अगले 24 घंटों में साधारण निम्न दबाव में बदल सकता है. इसी सिस्टम से एक ट्रफ दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, उत्तर केरल और लक्षद्वीप क्षेत्र तक फैली है. इसी बीच, पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और पंजाब के ऊपर सक्रिय है.

इंदौर में महिला ने एक साथ दिए 4 बच्चे

इंदौर. शहर के क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल में एक महिला ने एक साथ चार बच्चों तीन बच्चियों और एक बच्चे को जन्म दिया है। सभी नवजातों को कम वजन के चलते पीआईसीयू में निगरानी में रखा गया है। महिला का नाम शबाना मंसूरी, निवासी धार रोड बताया गया है। फिलहाल मां और चारों बच्चे सुरक्षित हैं। चिकित्सक डॉ. रितेश पालिया के अनुसार तीन नवजातों का वजन लगभग 1-1 किलो और एक का वजन करीब 750 ग्राम है। एहतियात के तौर पर चारों को लगातार मॉनिटरिंग पर रखा गया है। इनमें से दो नवजातों की हालत कमजोर होने पर उन्हें डॉल्फिन हॉस्पिटल रेफर किया गया।

अत्याधुनिक पॉडकास्ट स्टूडियो की शुरुआत

कांग्रेस कमेटी ने मुख्यालय में स्टूडियो का विधिवत उद्घाटन किया

विशेष संवाददाता

भोपाल,03 दिसंबर. कांग्रेस कमेटी ने पार्टी मुख्यालय में अत्याधुनिक पॉडकास्ट स्टूडियो का विधिवत उद्घाटन किया। यह पहल मुद्दा-आधारित संवाद और डिजिटल आउटरीच को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस स्टूडियो की स्थापना पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी के मार्गदर्शन और संगठन प्रभारी डॉ.संजय कामले के प्रयासों से संभव हुई है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के प्रथम तल पर विकसित यह आधुनिक स्टूडियो पार्टी की नीतियों, जनसरोकार से जुड़े मुद्दों और संगठन की गतिविधियों को और अधिक स्पष्टता और तकनीकी दक्षता के साथ जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि डिजिटल युग में यह स्टूडियो कांग्रेस को जनता से सीधे संवाद स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करेगा।

सांसद शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की

नई दिल्ली. सांसद वीडी शर्मा ने बुधवार को दिल्ली में देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

97% गणना पत्रों का कार्य पूरा

15 जिलों में डिजिटाइजेशन का काम पूर्ण

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 दिसंबर. प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है. अभी तक प्रदेश में लगभग 5 करोड़ 57 लाख गणना पत्रकों का डिजि टाइजेशन पूरा हो चुका है. जो कुल कार्य का 97 फीसदी से अधिक है.

15 जिलों अशोक नगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी, उमरिया, बुरहानपुर, मंदसौर, सतना, टीकमगढ़ और अलीराजपुर में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम हो चुका है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि से पूर्व यह उपलब्धि सभी के प्रयास और कर्तव्य निष्ठा से ही संभव हुई है.

झा ने बताया कि प्रदेश के 19 अन्य जिलों ने 99 प्रतिशत से अधिक,12 जिलों में 98 फीसदी और 6 जिलों में 90 फीसदी से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. झा ने डिजिटाइजेशन में लगे सभी शासकीय सेवकों, बीएलओ तथा सहयोगी नागरिकों के समन्वित प्रयास की सराहना की जिसके चलते निर्धारित समय से पहले ही कार्य पूर्णता की ओर है.

घर से कांग्रेस की संगठन चला रहे जीतू : पटेल

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 दिसंबर. लगातार तीसरे दिन भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायतें और समस्याएं सुनने के लिये मंत्री पहुंचें. बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग और लखन पटेल पहुंचें.

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया, ऐसे मामले जिसका तत्काल समाधान नहीं हो सका, उसे संबंधित विभागों को भेजा गया. दोनों ही मंत्री दोपहर एक से तीन बजे तक रहे. कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश के डिफाल्टर किसानों को राहत देने के लिए जल्द ही वन-टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी. डिफाल्टर सूची से किसानों को निकालकर रेगुलर श्रेणी में शामिल किया जाएगा, ताकि वे फिर से ऋण प्राप्त कर सकें.

मुरैना में पुलिस पर हमला, मारी गोली

ग्वालियर, 3 दिसंबर. महा राजपुरा थाना पुलिस के साथ मुरैना के जनकपुर गांव में बुधवार को मारपीट हो गई। हत्या के प्रयास के आरोपी बदमाश हद्दू गुर्जर की तलाश में पुलिस पार्टी पहुंची थी। जैसे ही पुलिस जवानों ने बदमाश को पकड़ा तो गांव के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिस से मारपीट कर पुलिस जवान अनिल तोमर को पैर में गोली मार दी। यह घटना मुरैना शहर से 18 किलोमीटर दूर हुई। ग्वालियर पुलिस ने जनकपुर गांव में कार्रवाई के लिए जाने की सूचना मुरैना पुलिस को नहीं दी थी।

वीडियोग्राफी के आधार से 17 पर प्रकरण दर्ज

धरना प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

धामनोद,03 दिसंबर. खलघाट टोल प्लाजा पर किसान आंदोलन के धरना प्रदर्शन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वीडियोग्राफी के आधार पर 17 किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिए है.

पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान कुछ किसानों द्वारा बिना अनुमति सड़क मार्ग बाधित करने और यातायात में अवरोध उत्पन्न करने जैसी गतिविधियां सामने आई साथ ही उनके द्वारा प्रतिबंधित धाराओं का उल्लंघन किया गया. जिसके आधार पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज की गई है. धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन एवं जिले के आला अधिकारियों द्वारा संपूर्ण घटना क्रम की वीडियोग्राफी कराई गई. जिसके आधार पर पुलिस ने 17 किसानों पर प्रकरण दर्ज किया है. जिनमें गोपाल पाटीदार राष्ट्रीय किसान मजदूर महा संघ मध्य भारत संगठन मंत्री निवासी ग्राम छालपा जिला खरगोन, मंदन मुवेला राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष बडवानी, प्रकाश धाकड राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ निवासी बदनावर, सहित अन्य करीब 600 से 700 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ.

प्रत्येक व्यक्ति में अपार एवं समान क्षमता निहित है : मृणालिनी

विन्ध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर प्रेरणा और समावेशन का संदेश

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 3 दिसम्बर। एनटीपीसी विन्ध्याचल में आज दिन बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस प्रेरणादायक और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मौजूद रहे। साथ ही एजे राजकुमार महाप्रबंधक, एसके सिन्हा, डॉ. बीके भराली एवं देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। स्वागत संबोधन में मृणालिनी अपर महाप्रबंधक ने कहा कि व्यक्ति की प्रगति का निर्धारण उसकी मेहनत और दृष्टिकोण करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति में अपार एवं समान क्षमता निहित है। ब्रहमाकुमारी संस्था की अपर्णा सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आयोजन में मेडिटेशन, इंटरैक्टिव वीडियो, डांस मूवमेंट तथा विशेष रूप से तैयार साँप-सीढ़ी खेल जैसी सहभागिता बढ़ाने वाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं। अपने संबोधन में एजे राजकुमार महाप्रबंधक ने मानव संसाधन विभाग एवं ब्रहमाकुमारी टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि मानव क्षमता को पहचानना एवं दूसरों के जीवन में सकारात्मक योगदान देना वास्तविक संतुष्टि देता है।

सहमति पत्र

सहमतिकर्तागण -1. हरिवंश प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 श्री भगवती प्रसाद गुप्ता उम्र 68 वर्ष निवासी वार्ड न0 08 सगरा कला हनुमना पोस्ट हनुमना थाना व तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म0प्र) आ0का0न0 900879292748, 2. मधुबाला गुप्ता पति श्री हरिवंश प्रसाद गुप्ता उम्र 63 वर्ष निवासी वार्ड न0 08 सगरा कला हनुमना पोस्ट हनुमना थाना व तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म0प्र) आ0का0न0 487782269764, 3. अश्वनी कुमार गुप्ता पिता श्री हरिवंश प्रसाद गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड न0 08 सगरा कला हनुमना पोस्ट हनुमना थाना व तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म0प्र) आ0का0न0 396084250671, 4. निधी गुप्ता पति सुमित कुमार गुप्ता उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड न0 08 सगरा कला हनुमना पोस्ट हनुमना थाना व तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म0प्र) आ0का0न0 876660557085, यह कि सहमतिकर्तागण की भूमि जो पता वार्ड न0 08 सगरा कला हनुमना पोस्ट हनुमना थाना व तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म0प्र) में स्थित है जिसका आराजी खसरा न0 5/2 रकवा 0.413 हे0 स्थित ग्राम सगरा कला प0ह0 अमहा वासुदेव तहसील हनुमना जिला मऊगंज म0प्र0 मे स्थित है जहा पर सुमित कुमार गुप्ता पिता श्री हरिवंश प्रसाद गुप्ता द्वारा आरा मशीन का व्यवसाय का संचालन किया जाएगा जिसमे मुझ सहमतिकर्तागण को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नही है और उक्त भूमि से सम्बंधित सहमतिकर्तागण द्वारा किसी भी प्रकार का कोई किराया नही लिया जावेगा अपनी स्वेच्छा से सहमतिकर्तागण द्वारा उक्त भूमि दी जा रही है यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति जो हर तरह के झगडो एवं विवादो से मुक्त है यह सहमति पत्र अपनी राजी खुशी से बिना किसी नाजायज जब्र व दबाब के दो गवाहो की जानकारी में किया जा रहा है तथा हस्ताक्षर किया गया है जो सनद रहे वक्त पर काम आवे।

दिनांक- 03/12/2025 स्थान- हनुमना

ह0गवाह ह0 सहमतिकर्तागण

कार्यालय नगर परिषद् हनुमना, जिला - मऊगंज (म0प्र0)

Email Id.-cmohanumana@mpurban.gov.in

क्रमांक/1194/ऑन. निविदा आमं. सूचना / न0परि0 / 2025 हनुमना, दिनांक 19/11/25

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण - सूचना

नगर परिषद हनुमना, जिला - मऊगंज द्वारा म0प्र0 लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, एस0ओ0आर0 दिनांक- 02 अगस्त 2021 (संशोधित) के आधार पर निविदा प्रपत्र "अ" मे दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी बेबसाईट http://mpetender.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद हनुमना से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधित केवल बेबसाईड पर भी प्रकाशित किया जावेगा।

टेण्डर सिस्टम नम्बर	सामग्री का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि का एफ0डी0आर0	समय-सीमा	निविदा प्रपत्र की कीमत
1	2	3	4	5	6
2025_UAD_465398_1	वार्ड क्रमांक-07 में श्री राममिलन के घर से श्री रमेश गुप्ता के घर तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	364062=00	3640=00	60 दिवस	2000=00
2025_UAD_465398_2	वार्ड क्रमांक-06 में शाहपुर सड़क से तहसील पानी की टंकी के सामने तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	916922=00	9170-00	60 दिवस	2000=00
2025_UAD_465398_3	वार्ड क्रमांक 03 में श्री रामनरेश बहेलियाँ के घर से श्री रामसुमेर पाल के घर तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण का कार्य.	675220 = 00	6752=00	60 दिवस	2000=00
2025_UAD_465398_4	वार्ड क्रमांक-03 में श्री बाकेलाल प्रजापति के घर से श्री रामबहोर प्रजापति के घर तक आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य।	571303=00	5713=00	60 दिवस	2000=00
2025_UAD_465398_5	वार्ड क्रमांक-08 में कृषि उपज मण्डी के आर0सी0सी0 सड़क के किनारे आर0सी0सी0 नाली का नर्माण कार्य।	200668=00	2000=00	30 दिवस	2000=00

उक्त निर्माण कार्य के निविदा प्रपत्र दिनॉक - 01/12/25 को प्रात: 10.30 से दिनांक - 18/12/25 को सायं 5.30 तक बेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेगें।

(अरुण कुमार त्यागी)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् हनुमना
जिला - गऊगंज (म0प्र0)

कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली म0प्र0

क्रमांक/7558/प्र.आ.यो./ 2025 सिंगरौली दिनांक- 02.12. 2025

// दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना //

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र सिंगरौली में वार्ड क्रमांक 01 से 45 तक में म0प्र0 शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 EWS AHP घटक (शहरी) के आवसों को प्राप्त करने हेतु हितग्राहियों के द्वारा राशि 20000.00 बीस हजार रूपये का रसीद कटाया जाकर पंजीयन शुल्क नगर निगम सिंगरौली के कोष मे जमा किया गया है, जो आवंटन हेतु प्रतिक्षा सूची मे है, ऐसे हितग्राहियों को पात्रता हेतु वार्ड प्रभारी, उपयंत्री एवं सहायक यंत्री से परीक्षण कराया गया है, परीक्षण में निम्नांकित हितग्राहियों की सूची पात्र पाई गई है। मेयर इन काउन्सिल से पात्र हितग्राहियों को अनुमोदित होने उपरान्त हितग्राही से निर्धारित राशि नियमानुसार जमा कराया जाकर रिक्त आवासो को आवंटित किया जाना है। ऐसे हितग्राहियों की सूची निम्नानुसार है:-

1	32	SANJAY KUMAR PRAJAPTI	CHANDRIKA PRASAD				6263051988
2	3	Deepika Sharma	Lt. Sarju Sharma	Meholi	838970048882	36420931	9528368424
3	12	Sunita Devi	Shyam Kishore Gupta	Simplex Colony	966580935013	21538047	9407568593
4	12	Kirti Gupta	Sobhnath	Simplex Colony	654842576421	21987033	8120191080
5	12	Md. Jahangir	Md. Khaleel	Simplex Colony	7222465786 83	21537704	9109379359
6	12	Rajbahron	Lalla Singh	Simplex Colony	2254938203 61	40209609	7898489974
7	12	RAMNARA YAN SINGH	Paltan singh	Simplex Colony	730930129174	41326584	7697287779
8	26	Jeetendra Pratap Singh	jay nandan Singh	Amlauri	800134386945	27990252	9926735924
9	29	Md Allaudin	Md. Idrish	Kachni	5750350076 66	46058853	958408854 9
10	29	Md AsiK	Ash Md.	Chandrma Tola	509194816250	46058852	957554917 1
11	32	Upendra Kumar Dubey	Bhaiyaram Dubey	Navjeevan Vihar Sector No.1	341257495451	45307998	700021759 2
12	33	Rajmati Devi	Ramkaran	NavJeev an Vihar Sector No:3	983262265950	41709842	7746876971
13	38	Someswar	Gangaram		885398100676	45520767	741595520 2
14	42	Sagar Pravesh Tiwari	Ramesh Prasad Tiwari	Bilaunji	413708752353	45770123	992652182 3
15	3	Sohan Sharma	Madhav Sharma	Medholi	4223088319 10	22356162	952364407 7
16	5	Ravi Kumar Sharma	Jayram Sharma	Nehru Nagar	5043824512 65	45857030	9617495710
17	9	Baageesh Kumar Shahi	Gonaur Sahi	DAV School Singrauli	26878 82630 43	41972128	958929885 6
18	27	Abhisekh singh	Harivans singh		508759723345	27917795	997711356 3
19	30	Rajendra Prasad Jain	Poonam Chandra Jain				989393125 3
20	32	Tezbali Singh	Triveni Singh	Navjeevan Vihar Sector No.1	722941777760	21353132	735434922 6
21	32	Vinay Singh	Ashok Singh	Navjeevan Vihar Sector No.2	380951429770	45415076	860209093 9
22	35	Sangeeta Singh	Umesh Singh	Vindhya Nagar	921816895994	22059966	9009290074
23	35	SAPANA JHA	SANJAY JHA	Vindhya Nagar	971599989921	43428814	8986071672
24	39	Aditya Moi	Lt. Shivshankar Moi	Sharma Colony	7686098 47906	45862125	9399313328 patra
25	39	Leelamati	Rajesh	Jamua	7873514 58268	26301936	99078 73534 patra
26	39	zareena begam	Md imran	waidhan	3241234 938830	45270063	91651 19160 patra

उपरोक्त सूची के संबंध यदि किसी को आपत्ति हो तो दिनांक 08.12.2025 को समय 5.00 बजे साम तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर पालिक निगम सिंगरौली एवं प्रधानमंत्री आवास सूचना पटल पर आम चस्पा कि गई है, जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

आयुक्त
नगर पालिक निगम सिंगरौली (म0प्र0)